समाचार

निगम आयुक्त ने सड़क पर उतरकर बेवजह घूमने वालों को दी कड़ी हिदायत, बिना अतिआवश्यक कार्य के न निकले घर से बाहर

(निगम ने की ताबड़तोड़ कार्यवाही, लाकडाउन उल्लंघन पर निगम अमले ने लगाया साढ़े 16 हजार रूपये का अर्थदण्ड)

कोरबा 02 मई 2021 –आयुक्त श्री एस.जयवर्धन ने आज खुद सड़कों पर उतरकर बेवजह घूमने वालों को कड़ी समझाईश दी तथा लाकडाउन का उल्लंघन न करने एवं बेवजह घर से बाहर न निकलने की कड़ी हिदायत दी। निगम के अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा भी इस मौके पर उपस्थित थे। वहीं बेवजह घर से बाहर निकलकर सड़कों पर भ्रमण करने वालों व लाकडाउन उल्लंघन करने वालों पर आज निगम ने ताबड़तोड़ कार्यवाही की तथा साढ़े 16 हजार रूपये का अर्थदण्ड लगाया।

कोरोना संक्रमण से बचाव व नियंत्रण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम के रूप में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती किरण कौशल द्वारा जिले में लाकडाउन प्रभावशील किया गया है, लाकडाउन प्रभावशील होने के बावजूद भी लोग बिना किसी वजह के घरों से निकलकर सड़कों पर भ्रमण करते हैं तथा लाकडाउन का उल्लंघन करते हैं, उनके इस कदम से और अधिक संक्रमण बढ़ने का खतरा बढ़ रहा है, निगम अमले द्वारा लगातार इस पर कार्यवाही की जा रही है किन्तु लोग फिर भी बेवजह घरों से बाहर निकल रहे हैं। आयुक्त श्री एस.जयवर्धन ने कोरबा शहर व टी.पी.नगर क्षेत्र का भ्रमण कर बेवजह घर से बाहर निकलने वालों को कड़ी समझाईश दी तथा निगम अमले को इन पर कार्यवाही करने का निर्देश दिया। उन्होने पुराने कोरबा शहर स्थित शारदा विहार रेलवे क्रांसिंग एवं सरस्वती स्कूल मुख्य मार्ग पर घंटों खड़े रहकर बेवजह घूमने वालों को कड़ी हिदायत दी कि वे बिना किसी बड़े कारण के घर से बाहर कदापि न निकले, लाकडाउन का